आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.02.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- देहरादून के तिब्बती मार्केट में हुए हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, संपत्ति विवाद में पांच आरोपी गिरफ्तार।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आठ करोड़ पचहत्तर लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की।
- संसद ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक पारित किया। इसमें पुराने श्रम कानूनों को निरस्त करने के बाद की विधिक स्थिति स्पष्ट की गई।
- उत्तराखंड शासन का प्रशासनिक स्तर पर बड़ा निर्णय, 11 आईएएस, पीसीएस और सचिवालय अधिकारियों के दायित्व बदले।

गिरफ्तारी / खुलासा

देहरादून के तिब्बती मार्केट में व्यापारी अर्जुन शर्मा की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपित पंकज राणा और राजीव को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा, जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचे, कारतूस और एक स्कूटी बरामद की है।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि हत्या संपत्ति विवाद के चलते की गई। आरोप है कि मृतक की मां बीना शर्मा ने अपने सहयोगियों विनोद उनियाल और डॉ. अजय खन्ना के साथ मिलकर अर्जुन शर्मा को मारने की साजिश रची और इसके लिए बदमाशों से मिलकर षडयंत्र रचा गया।

धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आठ करोड़ पचहत्तर लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस राशि से बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में हैलीपैड के विस्तार और सुधारीकरण, नंदा राजजात यात्रा—2026 के लिए पार्किंग निर्माण, तथा ऊधम सिंह नगर जिले के आश्रम पद्धति विद्यालयों में मरम्मत और रखरखाव के कार्य किए जाएंगे।
स्वीकृत धनराशि से बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में हैलीपैड से संबंधित सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा, जिससे हवाई सेवाओं का संचालन अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगा। इसके साथ ही नंदा राजजात यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर पार्किंग और आवश्यक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं मिल सकें।
इसके अलावा ऊधम सिंह नगर जिले के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में मरम्मत और रखरखाव के कार्य कर आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पौड़ी जिले के यमकेश्वर क्षेत्र में नोडखाल—मालाकोट मोटर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महिताब सिंह के नाम पर रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

घनसाली बसंत महोत्सव

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने टिहरी जिले के घनसाली में आयोजित तीन दिवसीय घनसाली बसंत महोत्सव 2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने घनसाली क्षेत्र के लिए लगभग 13 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी।
कैबिनेट मंत्री ने लोक निर्माण विभाग की लगभग एक करोड़ सत्तर लाख रुपये की एक योजना और सिंचाई विभाग की दस करोड़ पचास लाख रुपए की लागत की दो योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके साथ ही पंचायतीराज विभाग के अंतर्गत 60 लाख रुपये की लागत से बने तीन पंचायत भवनों का लोकार्पण भी किया गया।
इस अवसर पर सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में सड़क, सिंचाई और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और क्षेत्र का समग्र विकास हो। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

मंजूरी

संसद ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने कल इसे मंजूरी दी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुका है। राज्यसभा में श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि यह संशोधन विधेयक कानूनी स्पष्टता के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि चारों श्रम संहिताओं के अंतर्गत 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच

अनिवार्य कर दी गई है। श्री मांडविया ने कहा कि श्रम संहिता वैधानिक समर्थन के साथ न्यूनतम मजदूरी लागू करती है और श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करती है।

<u>प्र□ासनिक फेरबदल</u>

उत्तराखण्ड शासन ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 11 अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किया है। इनमें छह आईएएस, तीन पीसीएस और दो सचिवालय सेवा के अधिकारी शामिल हैं। एक रिपोर्ट–

<u>बाजार की जातर</u>

उत्तरकाशी जिले के रवांई क्षेत्र में चार दिवसीय रवांई बसंतोत्सव 'बजार की जातर' का शुभारंभ देवडोलियों के सानिध्य में विधिवत पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर 26 गांवों के ईष्ट देव मटिया महासु ओडारू–जखंडी महाराज की देवडोलियां पुजेली गांव स्थित मूल थान से ढोल–नगाड़ों के साथ नागराज मंदिर लाई गईं और वहां से पैदल यात्रा के माध्यम से मेला स्थल पहुंचीं।
नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के साथ सांस्कृतिक आयोजनों की भी शुरुआत हुई। पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों और लोक गायक अज्जू तोमर ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया, जिस पर लोग देर शाम तक झूमते रहे।
नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बिहारी लाल शाह ने कहा कि यह बसंतोत्सव क्षेत्र की लोक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा मिलता है। आने वाले दिनों में भी मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।